# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजीकृत संख्या : 75–4/II–A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालय : आलमबाग, रोडवेज बस स्टेशन के सामने, (सुजानपुरा) ओम नगर, आलमबाग, लखनऊ

**रविन्द्र नाथ त्रिपाठी**
प्रदेश अध्यक्ष
सम्पर्क ☎ : 0551–2241716, मो0: 9415548535
पत्राचार : मो0 तिवारीपुर, निकट गायत्री मन्दिर, गोरखपुर

**अवधेश सिंह चौहान**
प्रदेश महामन्त्री
सम्पर्क ☎ : 05872–252057, मो0: 9415172656
पत्राचार : डी.सी. रोड, मो0 सिकटिहा, लखीमपुर–खीरी

* उपाध्यक्ष गण *

हरदेव शर्मा
(पश्चिमी जोन)
मो. 09412869499

राजेन्द्र सिंह कछवाह
(मध्य जोन)
मो. 09450223683

पुट्टी लाल यादव
(पूर्वी जोन)
मो. 09450088433

* कोषाध्यक्ष *

अमलेश कुमार शर्मा
मो. 09837062257

* संगठन मंत्री गण *

कृष्ण कुमार सिंह
(पश्चिमी जोन)
मो. 09058499749

सुशील कुमार श्रीवास्तव
(मध्य जोन)
मो. 09415525914

इफ्तखार अहमद
(पूर्वी जोन)
मो. 09450548706

* आडीटर *

राज किशोर अवस्थी
मो. 09936642639

पत्रांक :

दिनांक 27.8.15

सेवा में,

मा0 मुख्य सचिव महोदय,
उ0प्र0 शासन लखनऊ

विषय– **प्रदेश के समस्त लेखपालों को दिनांक 30.09.2015 तक लैपटाप, इण्टरनेट व्यय व सहवर्तीय उपकरण उपलब्ध न होने की स्थिति में दिनांक 01.10.2015 से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों में नेट के माध्यम से आख्या प्रेषित न करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी को निदेश हुआ है कि आपका ध्यान उक्त विषय की ओर आकृष्ट कराते हुए सादर अवगत कराऊं कि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में ई–डिस्ट्रिक्ट योजना के अन्तर्गत आय, जाति, निवास के प्रमाण पत्र नेट के माध्यम से जारी हो रहे हैं। प्रदेश के किसी भी लेखपाल को संस्था शिष्ट मण्डल एवं शासन स्तर पर दिनांक 27.10.2014 को हुई वार्ता के दौरान सहमति के पश्चात् भी इतने लम्बे अन्तराल तक लैपटाप आदि उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण संवर्ग में काफी आक्रोश व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि लेखपालों द्वारा लैपटाप उपलब्धता के अभाव में प्राइवेट पी0सी0ओ0 आदि पर जाकर महोदय के निर्देशों के अनुपालन में कार्य कर रहे हैं, जिसमें समय की बर्बादी के साथ–साथ उन्हें काफी आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ रही है और मानसिक क्लेश हो रहा है। जबकि शासन को इस कार्य से एक निश्चित आय प्राप्त हो रही है। संस्था की प्रदेश कार्यकारिणी की आयोजित बैठक दिनांक 22.08.2015 को इस बिन्दु पर भी सदस्यों में काफी आक्रोश रहा। संस्था द्वारा विवश होकर सर्व

**शेष पृष्ठ–2–पर**

सम्मति से निर्णय लिया गया है कि शासन/परिषद द्वारा यदि दिनांक 30.09.2015 तक प्रदेश के समस्त लेखपालों को लैपटाप, इण्टरनेट व्यय, सहवर्ती उपकरण एवं रख–रखाव हेतु पर्याप्त मानदेय आदि प्रदान नहीं की जाती है **तो ऐसी स्थिति में दिनांक 01.10.2015 से नेट द्वारा जारी आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों में लेखपालों द्वारा आख्या प्रेषित करने का बहिष्कार किया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व शासन का होगा।**

**अतः महोदय से विनम्र अनुरोध है कि प्रदेश के समस्त लेखपालों को लैपटाप, इण्टरनेट व्यय, सहवर्ती उपकरण एवं रख–रखाव हेतु पर्याप्त मानदेय दिनांक 30.09.2015** तक उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाय, जिससे संस्था के निर्णयानुसार दिनांक 01.10.2015 से नेट द्वारा आख्या प्रेषण के प्रस्तावित बहिष्कार से जनमानस पर विपरीत प्रभाव न पड़े।

जनहित में त्वरित कार्यवाही करके संस्था को अनुग्रहीत करने की कृपा करें।

**सादर!**

**भवदीय**

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. मा0 अध्यक्ष महोदय, राजस्व परिषद लखनऊ।
2. मा0 प्रमुख सचिव महोदय (राजस्व), उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. मा0 आयुक्त एवं सचिव महोदय राजस्व परिषद लखनऊ।
4. समस्त जिलाधिकारी महोदयान, उ0प्र0।
5. समस्त अध्यक्ष/सचिव जनपद शाखायें उ0प्र0 लेखपाल संघ।

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजीकृत संख्या : 75–4/II–A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालय : आलमबाग, रोडवेज बस स्टेशन के सामने, (सुजानपुरा) ओम नगर, आलमबाग, लखनऊ

रविन्द्र नाथ त्रिपाठी
प्रदेश अध्यक्ष
सम्पर्क ☎ : 0551–2241716, मो0: 9415548535
पत्राचार : मो0 तिवारीपुर, निकट गायत्री मन्दिर, गोरखपुर

अवधेश सिंह चौहान
प्रदेश महामन्त्री
सम्पर्क ☎ : 05872–252057, मो0: 9415172656
पत्राचार : डी.सी. रोड, मो0 सिकटिहा, लखीमपुर–खीरी

* उपाध्यक्ष गण *

हरदेव शर्मा
(पश्चिमी जोन)
मो. 09412869499

राजेन्द्र सिंह कछवाह
(मध्य जोन)
मो. 09450223683

पुट्टी लाल यादव
(पूर्वी जोन)
मो. 09450088433

* कोषाध्यक्ष *

अमलेश कुमार शर्मा
मो. 09837062257

* संगठन मंत्री गण *

कृष्ण कुमार सिंह
(पश्चिमी जोन)
मो. 09058499749

सुशील कुमार श्रीवास्तव
(मध्य जोन)
मो. 09415525914

इफ्तखार अहमद
(पूर्वी जोन)
मो. 09450548706

* आडीटर *

राज किशोर अवस्थी
मो. 09936642639


पत्रांक :

दिनांक 27.8.15

सेवा में,

मा0 अध्यक्ष महोदय,
राजस्व परिषद, लखनऊ

**विषय–** **प्रदेश की समस्त तहसीलों में लेखपालों की साप्ताहिक उपस्थिति के दिन जन सामान्य को अच्छी व सुगमता पूर्ण सुविधा प्रदान करने हेतु तहसील प्रांगण में लेखपालों के बैठने का एक निश्चित स्थान व पर्याप्त फर्नीचर आदि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी को निदेश हुआ है कि आपका ध्यान उक्त विषय की ओर आकृष्ट कराते हुए सादर अवगत कराऊं कि प्रदेश में अधिकांश तहसीलों में वर्तमान समय में लेखपालों को बैठने का एक निश्चित स्थान व फर्नीचर उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण लेखपालों को तहसील उपस्थिति के दिन तहसील में विभिन्न अधिवक्ताओं एवं मुंशियों के तख्तों पर बैठकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना पड़ता है और असुरक्षित माहौल में अभिलेखों को रखकर कार्य करते हैं तथा आये दिन अधिवक्ता और मुंशियों से लेखपाल संवर्ग का वाद विवाद होता रहता है एवं जनमानस को लेखपाल को ढूंढ़ने में काफी दिक्कत होती है। यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण न होगा कि अभी भी लेखपालों के साथ अंग्रेजों की हुकूमत जैसा बरताव किया जाता है, उनके बैठने के लिए न तो स्थान है और न ही फर्नीचर। कहीं–कहीं पर तो आज भी लेखपाल दरी पर बैठकर अपने कार्यों को सम्पादित करते हैं और समाज में अपने आपको अपमानित महसूस करते हैं। लेखपाल तहसील प्रशासन का आधार स्तम्भ होता है, फिर भी शासन/प्रशासन उनकी सुविधाओं के प्रति मौन रहता है।

शेष पृष्ठ–2–पर

ज्ञातव्य हो कि महोदय के द्वारा दिनांक 01.05.2015 को जारी पत्र संख्या 3107/12–3 एच/2015 में जनसामान्य को बेहतर व सुगमता से सेवायें प्रदान करने और अवस्थापना सुविधाओं के सुद्धरीकरण करने हेतु प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश दिये गये हैं व व्यवस्थाओं का उल्लेख किया गया है परन्तु संस्था को खेद है कि लेखपाल संवर्ग के बैठने आदि की व्यवस्था का कोई उल्लेख नहीं है।

अस्तु उक्त तथ्यों को अवलोकित कराते हुए महोदय से विनम्र अनुरोध है कि प्रदेश के समस्त तहसीलों में प्रत्येक राजस्व निरीक्षक क्षेत्रवार/सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर सुरक्षित माहौल में कार्यो के सम्पादन हेतु एक निश्चित स्थान एवं पर्याप्त फर्नीचर के साथ–साथ लैपटाप चार्जिंग हेतु विद्युत व्यवस्था आदि को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित करने की कृपा करें।

महती कृपा होगी।

भवदीय

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. मा0 आयुक्त एवं सचिव महोदय राजस्व परिषद लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी महोदयान, उ0प्र0।
3. समस्त अध्यक्ष/सचिव जनपद शाखायें उ0प्र0 लेखपाल संघ।

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजीकृत संख्या : 75-4/II-A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालय : आलमबाग, रोडवेज बस स्टेशन के सामने, (सुजानपुरा) ओम नगर, आलमबाग, लखनऊ

रविन्द्र नाथ त्रिपाठी
प्रदेश अध्यक्ष
सम्पर्क ☎ : 0551-2241716, मो0: 9415548535
पत्राचार : मो0 तिवारीपुर, निकट गायत्री मन्दिर, गोरखपुर

अवधेश सिंह चौहान
प्रदेश महामन्त्री
सम्पर्क ☎ : 05872-252057, मो0: 9415172656
पत्राचार : डी.सी. रोड, मो0 सिकटिहा, लखीमपुर-खीरी

* उपाध्यक्ष गण *

हरदेव शर्मा
(पश्चिमी जोन)
मो. 09412869499

राजेन्द्र सिंह कछवाह
(मध्य जोन)
मो. 09450223683

पुट्टी लाल यादव
(पूर्वी जोन)
मो. 09450088433

* कोषाध्यक्ष *

कमलेश कुमार शर्मा
मो. 09837062257

* संगठन मंत्री गण *

कृष्ण कुमार सिंह
(पश्चिमी जोन)
मो. 09058499749

सुशील कुमार श्रीवास्तव
(मध्य जोन)
मो. 09415525914

इफ्तखार अहमद
(पूर्वी जोन)
मो. 09450548706

* आडीटर *

राज किशोर अवस्थी
मो. 09936642639

पत्रांक :

दिनांक 22.8.15

सेवा में,

मा0 मुख्य सचिव महोदय,
उ0प्र0 शासन लखनऊ

विषय– **शासन/संस्था शिष्ट मण्डल से पूर्व में दिनांक 27.10.2014 को हुई वार्ता के पश्चात् सहमति के बिन्दुओं के क्रम में विभिन्न भत्तों को लेखपाल संवर्ग को देने हेतु शासनादेश निर्गत कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी को निदेश हुआ है कि आपका ध्यान उक्त विषय की ओर आकृष्ट कराते हुए सादर अवगत कराऊं कि संस्था के आन्दोलन के दौरान पूर्व में दिनांक 27.10.2014 को शासन के आमन्त्रण पर आयोजित बैठक में सहमति से लिये गये निर्णयों के क्रम में इतने लम्बे अन्तराल के पश्चात् भी प्रस्तावित विभिन्न भत्तों के शासनादेश अभी तक निर्गत नहीं किये गये हैं, जबकि उक्त बैठक में शासन के कार्मिक, वित्त, राजस्व एवं परिषद के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सहमति के भत्तों के शासनादेश निर्गत न होने से संस्था की आयोजित बैठक दिनांक 22.08.2015 में काफी आक्रोश व्यक्त किया गया है। वर्तमान समय में स्टेशनरी भत्ता, नियत यात्रा भत्ता आदि जो प्रदत्त हैं वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान हैं। यदि शासन द्वारा इस बिन्दु पर अतिशीघ्र कार्यवाही न की गयी तो निश्चित रूप से संस्था विवश होकर पूर्व में स्थगित आन्दोलन को पुनः क्रियान्वित कर सकती है, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व शासन/प्रशासन का होगा।

अस्तु महोदय से विनम्र अनुरोध है कि उक्त बिन्दु पर अपने स्तर से हस्तक्षेप करके समझौते में सहमति के अनुसार लेखपाल संवर्ग को विभिन्न भत्तों में (पेट्रोल भत्ता, स्टेशनरी भत्ता, विशेष भत्ता, मोबाइल भत्ता आदि) वृद्धि करने हेतु अतिशीघ्र शासनादेश निर्गत करवाने की कृपा करें।

महती कृपा होगी।

भवदीय

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री

**प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।**

1. मा0 अध्यक्ष महोदय, राजस्व परिषद लखनऊ।
2. मा0 प्रमुख सचिव महोदय (राजस्व), उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. मा0 आयुक्त एवं सचिव महोदय राजस्व परिषद लखनऊ।
5. समस्त अध्यक्ष/सचिव जनपद शाखायें उ0प्र0 लेखपाल संघ।

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजीकृत संख्या : 75–4/II–A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालय : आलमबाग, रोडवेज बस स्टेशन के सामने, (सुजानपुरा) ओम नगर, आलमबाग, लखनऊ

**रविन्द्र नाथ त्रिपाठी**
प्रदेश अध्यक्ष
सम्पर्क ☎ : 0551–2241716, मो0: 9415548535
पत्राचार : मो0 तिवारीपुर, निकट गायत्री मन्दिर, गोरखपुर

**अवधेश सिंह चौहान**
प्रदेश महामन्त्री
सम्पर्क ☎ : 05872–252057, मो0: 9415172656
पत्राचार : डी.सी. रोड, मो0 सिकटिहा, लखीमपुर–खीरी


पत्रांक : दिनांक 27.8.15

सेवा में,

मा0 आयुक्त एवं सचिव महोदय,
राजस्व परिषद, लखनऊ
अनुभाग–4

**विषय–** **प्रदेश में राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों पर पोषक संवर्ग से 25 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा द्वारा लेखपाल संवर्ग से पदोन्नति करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

अधोहस्ताक्षरी को निदेश हुआ है कि आपका ध्यान उक्त विषय की ओर आकृष्ट कराते हुए सादर अवगत कराऊं कि प्रदेश में राजस्व निरीक्षक के अधिसंख्य पद काफी समय से रिक्त हैं जिससे कार्यसरकार एवं जनमानस के कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा सम्पादित कार्यों की गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ना स्वभाविक है। शासन द्वारा राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों पर ज्येष्ठता के द्वारा लेखपाल संवर्ग से पदोन्नति के साथ–साथ पोषक संवर्ग (लेखपाल, अमीन, भूमि अध्यप्ति) से 25 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति करने हेतु शासनादेश निर्गत किया गया था, जिसका अभी तक क्रियान्वयन नहीं किया गया है, जिसके कारण सवंर्ग में आक्रोश है।

अस्तु महोदय से विनम्र अनुरोध है कि शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों पर पोषक सवंर्ग से विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति प्रक्रिया अतिशीघ्र प्रारम्भ करवाकर रिक्त पदों को भरने की कृपा की जाये।

**महती कृपा होगी।**

**भवदीय**

**(अवधेश सिंह चौहान)**
**प्रदेश महामंत्री**

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
1. समस्त अध्यक्ष/सचिव जनपद शाखायें उ0प्र0 लेखपाल संघ।

**(अवधेश सिंह चौहान)**
**प्रदेश महामंत्री**


✻ उपाध्यक्ष गण ✻

हरदेव शर्मा
(पश्चिमी जोन)
मो. 09412869499

राजेन्द्र सिंह कछवाह
(मध्य जोन)
मो. 09450223683

पुट्टी लाल यादव
(पूर्वी जोन)
मो. 09450088433

✻ कोषाध्यक्ष ✻

अमलेश कुमार शर्मा
मो. 09837062257

✻ संगठन मंत्री गण ✻

कृष्ण कुमार सिंह
(पश्चिमी जोन)
मो. 09058499749

सुशील कुमार श्रीवास्तव
(मध्य जोन)
मो. 09415525914

इफ्तखार अहमद
(पूर्वी जोन)
मो. 09450548706

✻ आडीटर ✻

राज किशोर अवस्थी
मो. 09936642639